Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding improvement of healthcare services in Jalore and Sirohi districts, Rajasthan -laid.

श्री देवजी पटेल (जालौर): जालोर जिला जोधपुर संभाग मे स्थित है, जो कि जोधपुर से 140 किमी दूर है । जालोर एवं सिरोही के लोगों को गंभीर बीमारी के ईलाज के लिए अहमदाबाद, जोधपुर और उदयपुर जाना पडता है । जो काफी खर्चीला और मरीज़ो के लिए कष्टकारी होता है । जालोर जिले मे लगभग 125 सी-टाइप गॉव है, जहॉ उप स्वास्थ्य केन्द्र नही है । जालोर एवं सिरोही में विशेषज्ञ चिकित्सकों की काफी कमी है, जिससे यहॉ के ग्रामीण लोगों को झोला छाप डॉक्टरों पर निर्भर रहना पडता है।

सिरोही जिला नीति आयोग के आंकाक्षी जिला कार्यक्रम मे शामिल है । सिरोही राजस्थान में साक्षरता के आकडों में भी काफी पिछडा हैं । पिण्डवाडा तहसील के अधिकतम पंचायत मे भील गरासिया और मीणा अनुसूचित जनजाति निवास करती है । यह TSP क्षेत्र के अंतर्गत चयनित है ।

निम्न चिकित्सालयों को एम्स जोधपुर द्वारा गोद लेने से यहॉ के चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवा उपलब्ध हो पायेगी:-

क) राजकीय सामान्य चिकित्सालय, जालोर

ख) राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भीनमाल

ग) राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रेवदर

घ) राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पिण्डवाडा

अंतिम व्यक्ति तक गुणात्मक स्वास्थ्य सेवाएं पहुचाने के लिए उपर लिखित चिकित्सालयों को जोधपुर एम्स द्वारा गोद लेने का श्रम करावें।